महा मेट्रो

NAGPUR METRO

महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(नागपूर मेट्रो रेल प्रकल्प)

महामेट्रो क्रिकेट टूर्नामेंट – २०२३
मेट्रो हाऊस इलेवन विजयी घोषित
ओ एंड एम इलेवन महिला टीम रही विजेता

नागपुर: महामेट्रो द्वारा आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में नागपुर मेट्रो हाऊस इलेवन ने ओसीसी इलेवन को १० विकेट से मात देकर क्रिकेट स्पर्धा का खिताब अपने नाम कर लिया। महामेट्रो की ओर से आंतरिक स्पर्धा का आयोजन वीएनआयटी मैदान पर किया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए ओसीसी इलेवन ने १० विकेट खोकर ७५ रन बनाए थे। मेट्रो हाउस इलेवन की ओर से नितिन गौर तथा श्रीकांत ने बिना विकेट खोए ७६ रन बनाकर ओसीसी इलेवन टीम को परास्त कर दिया। मेट्रो हाउस इलेवन ने क्रिकेट स्पर्धा का ख़िताब अपने नाम कर लिया। इसी तरह महामेट्रो की महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में मेट्रो भवन इलेवन टीम को ऑपरेशन व मेन्टेन्स इलेवन

की टीम ने १२ रनों से परास्त कर विजेता टीम का ख़िताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच के मैन ऑफ़ द मैच का ख़िताब पियूष को दिया गया । स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नितिन गौर , सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक यशवंत तथा सर्वश्रेष्ठ कप्तान का ख़िताब साईशरण दीक्षित को दिया गया । मैन ऑफ़ द टूर्नामेंट नितिन गौर का रन रेट ३६२ एवरेज ७३ रन रहा । स्पर्धा में कुल १० टीम शामिल हुई थीं । इनमें नागपुर मेट्रो - वन , नागपुर मेट्रो हाउस , जनरल कंसल्टंट , ओरियन प्रो , मेट्रो भवन पावर २४ , रिच ३ - ४ अंबाझिरी , रोलिंग स्टॉक , ओसीसी इलेवन , मेट्रो हाउस इलेवन और एक्का लाइन टीम शामिल थी । सेमी फाइनल में नागपुर मेट्रो वन , पावर २४ , मेट्रो हाउस इलेवन और ओसीसी इलेवन पहुंची थी ।

क्रिकेट स्पर्धा का ख़िताब वीएनआयटी के निदेशक श्री. प्रमोद पडोले तथा महामेट्रो के कार्यकारी निदेशक (संचालन व प्रबंधन) श्री उदय बोरवणकर ने मेट्रो हाउस इलेवन के कप्तान नितिन गौर को प्रदान किया । प्रकल्प संचालक (जनरल कंसल्टंट) श्री रामनाथन , क़्वालिटी कंट्रोल प्रमुख श्री. केशव तायड़े , पर्यावरण विभाग प्रमुख श्री. प्रतीश नीते प्रमुख रुप से उपस्थित थे । टूर्नामेंट प्रमुख श्री. साईशरण दीक्षित ने सभी टीम के खिलाड़ियों और अतिथियों का आभार माना ।